हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 2 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 41.1 डिग्रीसे
न्यूनतम 25.7 डिग्रीसे

12 नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 के आवेदन शुरू ...



12 राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवसः आकाश एजुकेशनल ने भविष्य के ...



## खबर संक्षेप

### नहर में डूबे छात्र का शव 60 घंटे बाद मिला

**कुरुक्षेत्र।** भाखड़ा नहर में डूबे उत्तर प्रदेश निवासी छात्र रोहित का शव करीब 60 घंटे बाद बरामद हो गया। रविवार से चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान मंगलवार रात करीब दो बजे परिजनों ने किरमिच हेड के पास नहर में शव देखा और पुलिस व गोताखोर प्रगट सिंह को सूचना दी। गोताखोर ने शव बाहर निकालकर पुलिस के हवाले किया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। रोहित का शव हादसे वाली जगह से करीब 12 किलोमीटर दूर मिला। वह गर्मी की छुट्टियां बिताने कुरुक्षेत्र आया था। परिजनों के अनुसार, उसकी सितंबर में शादी तय थी, लेकिन हादसे से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

### पैसे डबल करने का झांसा देकर 15 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** पैसे डबल करने का झांसा देकर हिमाचल के ढकोली निवासी निशा चौहान से 15 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर रादौर पुलिस ने गांव भूरे का माजरा के पूर्व सरपंच रिशिपाल उर्फ काला और पिंजौर निवासी टिंकू ठाकुर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। निशा ने बताया कि टिंकू ने उसे रिशिपाल से मिलवाया और दावा किया कि वह पैसे दोगुने कर देता है। एक जनवरी 2026 को उसने रिशिपाल को 15 लाख रुपये दिए। इसके बाद आरोपी ने पुलिस आने का शोर मचाकर उसे वहां से भेज दिया और न तो पैसे लौटाए, न ही दोगुने किए। जांच के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला से अश्लील हरकत, आरोपी पर केस

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव की 32 वर्षीय महिला ने गांव के ही जुल्फिकार पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि आरोपी काफी समय से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था। 28 जून की शाम करीब पांच बजे वह गांव में किसी काम से जा रही थी। इसी दौरान जुल्फिकार ने रास्ते में उसे रोक लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

### पुस्तक भंडार के बाहर खड़ी कार से बैग चोरी

**यमुनानगर।** शहर के महावीर चौक स्थित बांघा पुस्तक भंडार के बाहर खड़ी कार से चोरों ने बैग चोरी कर लिया। बैग में दस्तावेज व साढ़े 14 हजार रुपये थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। पुराना हमीदा निवासी राहुल ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 30 जून को शहर के महावीर चौक स्थित बांघा पुस्तक भंडार पर अपनी कार में आया था। उसने कार पुस्तक भंडार के बाहर खड़ी की थी। जब वह वापस आया तो उसे कार की खिड़की खुली मिली। जांच करने पर अंदर से बैग गायब था। उसने बताया कि उसके बैग में साढ़े 14 हजार रुपये तथा कार के दस्तावेज थे।

### रंजिश में परिवार पर हमला, सात पर केस

**यमुनानगर।** छछरौली के गांव दसौरी में रंजिश में एक परिवार पर हमला कर चार लोगों को घायल कर दिया गया। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित आदिल ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के सुलेमान और रहमान से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वे रंजिश रखने लगे। आरोप है कि रात करीब आठ बजे सुलेमान, रहमान, अखिल, राकीब, सबला, शौकीन और अब्बास ने डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

---

सीएम ने 15 दिन में टेंडर की नियम-शर्तें तैयार कर मंजूरी के लिए भेजने के दिए निर्देश

# अंबाला कैंसर अस्पताल में जल्द लगेगी अत्याधुनिक पैट-स्कैन मशीन

**एनालॉग की जगह डिजिटल पैट-स्कैन मशीन लगाने पर जोर, मिलेगी अधिक सटीक जांच**

**आयुष्मान भारत के पात्र मरीजों को नि :शुल्क और अन्य मरीजों को किफायती दरों पर मिलेगी सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कैंसर मरीजों की सुविधा के लिए अंबाला के कैंसर अस्पताल में जल्द से जल्द आधुनिक पैट-स्कैन मशीन स्थापित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को अगले 15 दिनों में टेंडर की नियम एवं शर्तें तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में परिवहन मंत्री अनिल विज और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव आरके खुल्लर भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंबाला का कैंसर अस्पताल प्रदेश ही नहीं, आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में यहां पैट-स्कैन मशीन की उपलब्धता जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह उन्नत इमेजिंग तकनीक कैंसर की पहचान, उसकी स्टेज और शरीर में फैलाव का सटीक पता लगाने के साथ-साथ कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के प्रभाव का आकलन करने में भी सहायक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पहले प्रस्तावित एनालॉग मशीन की जगह डिजिटल पैट-स्कैन मशीन लगाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को अधिक सटीक जांच सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि खरीदी जाने वाली मशीन नवीनतम तकनीक की हो तथा जांच की दरें किफायती रखी जाएं, जिससे मरीजों पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को यह जांच निःशुल्क उपलब्ध रहेगी और अंबाला कैंसर अस्पताल में इस सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला के कैंसर अस्पताल में हरियाणा के अलावा छह-सात राज्यों के मरीज इलाज के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि हालांकि अंबाला के निकट सद्दोपुर में पैट-स्कैन मशीन उपलब्ध है, लेकिन भर्ती मरीजों को जांच के लिए बाहर ले जाना असुविधाजनक होता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पहले से ही अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं और पैट-स्कैन मशीन लगने के बाद मरीजों को और बेहतर उपचार सुविधा मिल सकेगी। बैठक में एचएमएससीएल के प्रबंध निदेशक मनोज तथा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



**अंबाला।** अंबाला के नारायणगढ़ में एसआईआर गणना प्रपत्र भरने के उपरांत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) राकेश कुमार को सौंपते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### सीएम नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़ में भरा एसआईआर गणना प्रपत्र

**अंबाला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को नारायणगढ़ दौरे के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में भाग लिया। उन्होंने रेस्ट हाउस नारायणगढ़ में अपना गणना प्रपत्र स्वयं भरकर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) राकेश कुमार को सौंपा।मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। उन्होंने पात्र मतदाताओं से समय पर गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा कराने और अभियान में सहयोग देने की अपील की।उन्होंने कहा कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से मतदाता सूची अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनेगी। मुख्यमंत्री ने निर्वाचन कर्मियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

### नारायणगढ़ को जिला बनाने की मांग, विधायक शैली चौधरी ने सीएम को सौंपा मांगपत्र

**शहजादपुर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष विधायक शैली चौधरी ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर कई मांगें रखीं। उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़ा मांगपत्र सौंपते हुए नारायणगढ़ को जिला बनाने और यहां मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की मांग की।विधायक ने नारायणगढ़ में आईएमटी की सौगात देने पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने नारायणगढ़ को रेलवे लाइन से जोड़ने, परिवहन विभाग के सब डिपो को पूर्ण डिपो का दर्जा देने और हथनीकुंड से नारायणगढ़ तक नहर निर्माण की मांग भी रखी।इसके अलावा उन्होंने शहर के राजावाला तालाब के सौंदर्यीकरण, पक्के नालों के निर्माण, इंडोर स्टेडियम, पेयजल व्यवस्था सुधारने और पुरानी सीवरेज लाइन बदलने का आग्रह किया। विधायक ने गांवों में सामुदायिक भवन, नागरिक अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआई और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग भी की।

---

## यमुनानगर में बारिश गर्मी से मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले एक पखवाड़े से मौसम में बन रही गर्मी की तपिश व उमस झेल रहे जिलेवासियों को बुधवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने से राहत मिली। इस दौरान मौसम सुहावना बन गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। किसानों ने बारिश को धान की रोपाई करने में लाभदायक बताया। -गर्मी की तपिश झेल रहे थे जिलेवासी बुधवार को आसमान में बादल छा गए और बुंदाबांदी होने लगी। इसके बाद जिले में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। आलम यह रहा कि जिले में दिन भर आसमान के बादल छाए रहे और रुक रुक कर बारिश होती रही। जिसकी वजह लोगों को गर्मी से राहत मिली और दिन भर मौसम सुहावना बना रहा।

### किसानों के खिले चेहरे

गर्मी की तपिश से फसलों को सूखे से बचाने में लगे किसानों के बुधवार को हुई बारिश से चेहरे खिल उठे। किसान मनोज कुमार, सुलेख चंद, रामबीर, सतीश व श्यामलाल का कहना है कि पिछले करीब एक पखवाड़े से पड़ रही गर्मी की तपिश व बिजली कटौती के कारण उनकी गन्ने व चारा की फसलें सिंचाई के बिना सूखने के कगार पर पहुंच गई थी।

## कुरुक्षेत्र में बरसे बादल, उमस से मिली राहत, खेती के लिए वरदान



**कुरुक्षेत्र।** बारिश में गंतव्य को जाते वाहन चालक।

**कुरुक्षेत्र।** जिले में बुधवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से पिछले कई दिनों से जारी उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। सुबह से छाए बादलों के बाद करीब 12 बजे बूंदाबांदी शुरू हुई, जो तेज बारिश में बदल गई। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा।बारिश किसानों के लिए भी राहत लेकर आई है। किसानों के अनुसार यह बारिश धान की फसल के लिए लाभदायक साबित होगी। खेतों में नमी बढ़ने से सिंचाई का खर्च कम होगा। हालांकि तेज बारिश से शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की समस्या भी सामने आई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

---

## नशीले पदार्थ के साथ आरोपी पकड़ा 2.12 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस की एंटी नारकोटिक सैल टीम ने नशीला पदार्थ रखने और सप्लाई करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 12 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बीआर चौक के पास मौजूद थी। सूचना मिली कि 7-बी कुरुक्षेत्र स्थित वर्कशॉप में काम करने वाला मोहन लाल उर्फ मौणी चूरापोस्त बेचता है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली तो लोहे की अलमारी से 2 किलो 12 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी मोहन लाल उर्फ मौणी निवासी बोडशाम, करनाल को गिरफ्तार कर थाना कृष्णा गेट में केस दर्ज किया। पूछताछ के आधार पर नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी मोहन लाल उर्फ भूरा निवासी आकाश नगर कुरुक्षेत्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।




### यमुनानगरः लाखों रुपये की हेरोइन के साथ तीन युवक गिरफ्तार

- पुलिस ने तीनों आरोपियों से बरामद की 22.73 ग्राम हेरोइन

**यमुनानगर।** जिला पुलिस ने दो स्थानों से 22.73 ग्राम हेरोइन के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार प्रताप नगर थाना क्षेत्र में तैनात एएसआई ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी की खिजरी मोड़ के पास दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े हैं। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे दो युवकों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 10.74 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब 33 हजार रुपए है। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान प्रताप नगर निवासी अनीस अंसारी व फिरोज खान के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उधर,बाड़ी माजरा स्थित बंद पड़ी राधाकृष्णन प्लाईवुड फैक्ट्री के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 11.99 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### यूपी प्रवासी मजदूर ने की आत्महत्या

- वे पिछले 6 महीनों से काम की तलाश कर रहे थे, लेकिन रोजगार न मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था

**पानीपत।** पानीपत के अर्जुन नगर इलाके में सुरेंद्र नामक व्यक्ति ने फंदे पर लटक कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस की जांच में पता चला कि सुरेंद्र मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था और पानीपत में रोजगार के लिए अपने परिवार के साथ आया था। वहीं, बेरोजगारी और आर्थिक तंगी के चलते वह मानसिक तनाव में था और उसने काम नहीं मिलने के चलते अपनी पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। दूसरी ओर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सुरेंद्र के शव उनके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घरौंडा अनाज मंडी के व्यापारी पर पिस्टल से हमला करने का प्रयास

**भागते समय स्कॉर्पियो मौके पर छोड़ गए बदमाश, पुलिस ने कब्जे में ली**

- दुकान के पास बुलाकर वारदात की कोशिश, विरोध पर आरोपी हुए फरार
- भीम उर्फ चुलकाना समेत अन्य आरोपियों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

घरौंडा अनाज मंडी के एक व्यापारी को फोन पर लगातार जान से मारने की धमकियां देने और बाद में पिस्टल दिखाकर हमला करने की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि बदमाशों ने पहले व्यापारी को अलग-अलग स्थानों पर मिलने के लिए बुलाया और जब वह वहां पहुंचा तो हर बार जगह बदलते रहे। आखिरकार रात को दुकान के पास बुलाकर उसे डराने और हमला करने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान आरोपी अपनी एक स्कॉर्पियो मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पानीपत जिले के थाना मतलौडा क्षेत्र के गांव छिछड़ाना निवासी संदीप कुमार ने घरौंडा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले करीब नौ वर्षों से घरौंडा अनाज मंडी में अनाज का व्यापार कर रहा है और उसकी दुकान मंडी में ही है। शिकायत के अनुसार 29 जून को दोपहर करीब 12:30 बजे उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम भीम उर्फ चुलकाना बताया और उसे समालखा स्थित मन्नत ढाबे पर मिलने के लिए बुलाया। आरोपी ने यह भी कहा कि यदि वह मिलने नहीं आया तो उसे घर आकर जान से मार दिया जाएगा। धमकी को गंभीरता से लेते हुए संदीप अपने परिचितों को साथ लेकर मन्नत ढाबा पहुंचा, लेकिन वहां पहुंचने के बाद आरोपी ने फिर फोन कर उसे समालखा अनाज मंडी की कैंटीन में बुला लिया। जब वह कैंटीन पहुंचा तो आरोपी ने दोबारा फोन कर कहा कि वह वहां से बाहर चला गया है और तीन-चार घंटे बाद उसके घर आकर उसे जान से मार देगा। रात 7:43 बजे आरोपी ने उसकी दुकान के पास की संदीप अपने तीन साथियों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचा। आरोप है कि वहां पहले से तीन गाड़ियों में कई युवक मौजूद थे। उनमें से एक युवक ने पिस्टल निकालकर उसे डराने और हमला करने का प्रयास किया। इस दौरान संदीप और उसके साथियों ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे मौके से फरार हो गए। भागते समय आरोपी अपनी काली स्कॉर्पियो गाड़ी वहीं छोड़ गए।

---

**बास्केटबॉल, कबड्डी और कुश्ती में राष्ट्रीय स्तर पर विवि का बढ़ाया मानः : प्रो. सोमनाथ**

## केयू की महिला खिलाड़ियों ने खेल जगत में गढ़ी सफलता की नई इबारत



- रानी रामपाल, सविता पूनिया, नवनीत कौर और नवजोत कौर जैसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी केयू की देन
- स्वीटी बूरा को अर्जुन पुरस्कार, कृष्णा पूनिया और गीता जुत्शी को मिल चुका है पद्मश्री सम्मान
- आधुनिक खेल सुविधाएं, अनुभवी प्रशिक्षक और प्रशासन का सहयोग सफलता का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने खेल जगत में अपनी प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर न केवल विश्वविद्यालय बल्कि हरियाणा और देश का नाम भी गौरवान्वित किया है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियां केवल वर्तमान तक सीमित नहीं हैं। विश्वविद्यालय ने देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी दी हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल, गोलकीपर सविता पूनिया, नवनीत कौर और नवजोत कौर जैसी खिलाड़ियों ने ओलंपिक सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि बॉक्सिंग के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की खिलाड़ी स्वीटी बूरा को वर्ष 2025 मंग भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं एथलेटिक्स की दिग्गज खिलाड़ी कृष्णा पूनिया और गीता जुत्शी को पद्मश्री सम्मान प्राप्त हो चुका है। साहसिक खेलों में ममता सौदा ने तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। खेल निदेशक प्रो. डी.एस. राणा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में उपलब्ध आधुनिक खेल सुविधाएं, अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन तथा प्रशासन का निरंतर सहयोग खिलाड़ियों की सफलता की मजबूत आधारशिला है।

## एमएससी माइक्रोबायोलॉजी जियोग्राफी व रसायन विज्ञान प्रवेश परीक्षा, 510 छात्र शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयोजित एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, जियोग्राफी व रसायन विज्ञान पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी भूगोल तथा एमएससी. रसायन विज्ञान की प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 608 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 510 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 98 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डॉ. अकेश्वर प्रकाश ने बताया कि एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी की परीक्षा के लिए 131 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया था, जिनमें से 104 उपस्थित हुए तथा 27 अनुपस्थित रहे। वहीं एम.एससी. भूगोल की प्रवेश परीक्षा में 203 अभ्यर्थियों में से 173 ने परीक्षा दी, जबकि 30 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं एम.एससी. रसायन विज्ञान की प्रवेश परीक्षा में सर्वाधिक 274 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया था।

इनमें से 233 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 41 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### कुरुक्षेत्र में प्राइवेट बस ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा शहर में बुधवार दोपहर सड़क हादसे में 26 वर्षीय बाइक सवार युवक की जान चली गई। शहर के मुख्य चौक के पास प्राइवेट बस की चपेट में आने से युवक का सिर बस के टायर के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान रोहित गुर्जर निवासी जेपी कॉलोनी, पिहोवा के रूप में हुई है। रोहित का पिता सतनाम सिंह पिहोवा अनाज मंडी में पल्लेदारों का ठेकेदार है और रोहित अपने पिता के साथ ही काम करता था। घटना दोपहर करीब पौने 4 बजे की है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, प्राइवेट बस पिहोवा बस स्टैंड से चलकर शहर के मुख्य चौक से होते हुए पुंडरी-राजौंद की ओर जा रही थी। इसी दौरान चौक के पास रोहित अपनी बाइक पर घर से चौक की तरफ आ रहा था। अचानक वह बस की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसका सिर बस के टायर के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पानीपत में टीडीआई पुल के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**पानीपत।** पानीपत में टीडीआई पुल के पास रेलवे ट्रैक से आरती निवासी सोनीपत का रेलगाडी से कटा हुआ शव पडा मिला। जीआरपी पानीपत थाना ने लडकी की पहचान कर इस घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। इधर, जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद आरती का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। दूसरी ओर, जीआरपी जीआरपी इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि आरती सोनीपत से पानीपत कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। आरती की मौत हादसा है या आत्महत्या है या फिर हत्या है इसकी जीआरपी जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### दो महीने से 65 वर्षीय बुजुर्ग लापता, केस दर्ज

**तरावड़ी।** क्षेत्र के गांव डोडवा निवासी 65 वर्षीय रमेश कुमार पिछले दो महीनों से लापता हैं। परिजनों के अनुसार रमेश कुमार रोजाना की तरह सुबह घर से टहलने के लिए निकले थे, लेकिन उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। परिवार के लोगों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। समय बीतने के साथ परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस थाना तरावड़ी में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई है।

### संजय मित्तल रोटरी क्लब के बनाए गए अध्यक्ष

**घरौंडा।** रोटरी क्लब घरौंडा का 43 वां शपथ ग्रहण समारोह 4 जुलाई को होगा। क्लब के नवनियुक्त प्रधान संजय मित्तल ने दी बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि जे के एक्सपोर्ट सिरसा एवं बालाजी ट्रेडर्स करनाल के मैनेजनिंग डायरेक्टर जितेंद्र सिंगला और सम्माननीय अतिथि रितु ढींगड़ा होंगे इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव डॉक्टर धर्मवीर सिंह,डॉक्टर सतपाल बिन्द्राबन ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विनोद गर्ग होंगे। इस अवसर पर जरूरतमंद को ट्राई साईकल व सिलाई मशीन वितरित की जाएगी

### योग शिविर में दिया स्वस्थ भारत का संदेश



**करनाल।** 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' के अंतर्गत मुख्य शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में पानीपत के कृष्णपुरा स्थित संजय पार्क में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़कर उन्हें स्वस्थ, निरोगी और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। मिशन के माध्यम से करनाल के साथ-साथ प्रदेश और देश के विभिन्न क्षेत्रों में भी योग का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में मिशन की सक्रिय सदस्य सोनिया शर्मा ने साधकों को विभिन्न योगासन एवं यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया। शिविर में संजय, सीमा, गीता, पूनम, कोमल, लीना, रितु, सुनीता सहित अनेक साधक उपस्थित रहे।

### साहित्यकार राधेश्याम भारतीय सम्मानित

**घरौंडा।** हरियाणा साहित्य व संस्कृति अकादमी पंचकूला की ओर से साहित्यकार राधेश्याम भारतीय को उनके बालकथा संग्रह 'समरीन का स्कूल' को श्रेष्ठ कृति पुरस्कार के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शिरकत की और उन्होंने साहित्यकार राधेश्याम भारतीय को सम्मानित किया सुप्रसिद्ध साहित्यकार रेशमा कल्याण, अकादमी के उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह अग्निहोत्री के साथ उर्दू प्रकोष्ठ के निदेशक चंद्र त्रिखा,हिंदी एवं हरियाणवी के निदेशक धर्मदेव विद्यार्थी की उपस्थिति रही।

# भाटिया ने ओवैसी पर साधा निशाना, कहा- देश सर्वोपरि

### एनडीआरआई स्थापना दिवस पर समारोह में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) के 104वें स्थापना दिवस समारोह में राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण, देश की राजनीति और सामाजिक सौहार्द जैसे मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि देश सर्वोपरि है और समाज को बांटने वाली राजनीति से सभी को बचना चाहिए।

- राम मंदिर चढ़ावा मामले पर बोले- सरकार कर रही कार्रवाई

संजय भाटिया ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि समाज में डर और नफरत फैलाने वाली मानसिकता देशहित में नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार के बयान समय-समय पर दिए जाते हैं, वे समाज को विभाजित करने का काम करते हैं।

ऐसे लोगों की सोच विकृत हो चुकी है और उनका नजरिया समाज के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इस प्रकार की बातें करता है कि मुझे 15 मिनट दे दो, वह समाज में भय का वातावरण बनाने का प्रयास करता है। ऐसे लोग अपनी ही कौम का नुकसान करते हैं। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनकी स्थिति "मुंह में राम-राम, बगल में छुरी" जैसी हो गई है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि चुनाव के दौरान भी कई नेताओं ने हिंदू समाज को चुनौती देने वाले बयान दिए थे। उन्होंने अखिलेश यादव, असदुद्दीन ओवैसी और ममता बनर्जी का नाम लेते हुए कहा कि इस तरह के बयान लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द के लिए उचित नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा पर अक्सर मुस्लिम विरोधी होने के आरोप लगाए जाते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि पार्टी किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है।

राम मंदिर चढ़ावा मामले पर पूछे गए सवाल के जवाब में संजय भाटिया ने कहा कि जो घटनाएं सामने आई हैं, वे निश्चित रूप से दुखद हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार कार्रवाई नहीं करती और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले में कदम नहीं उठाते तो राजनीतिक संरक्षण की बात कही जा सकती थी। लेकिन मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले से आहत हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं। इसलिए लोगों को सरकार और कानून पर विश्वास रखना चाहिए। भारत माता की जय और हिंदुस्तान की जय का नारा हर नागरिक को गर्व के साथ लगाना चाहिए। "मादरे वतन " का नारा भी एक मुस्लिम ने ही दिया था। देश सभी से ऊपर है और भाजपा हर देशभक्त नागरिक के साथ खड़ी है।



करनाल। एनडीआरआई के 104वें स्थापना दिवस समारोह में पौधरोपण करते राज्यसभा सांसद संजय भाटिया। *फोटो : हरिभूमि*

# ब्याज माफी योजना से नगर निगम की झोली में आए 12.21 करोड़ रुपये

- अब बड़े बकायादारों पर होगी कार्रवाई, लगेगा 1.5 प्रतिशत मासिक ब्याज

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार की ओर से लागू की गई संपत्ति कर ब्याज माफी योजना का करनाल नगर निगम को बड़ा लाभ मिला है। योजना के दौरान हजारों संपत्ति मालिकों ने बकाया कर जमा कराकर राहत का लाभ उठाया, जिससे निगम के राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। अब योजना समाप्त होने के बाद नगर निगम ने बड़े बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 में अब तक नगर निगम को 18.17 करोड़ रुपये का संपत्ति कर प्राप्त हो चुका है। हरियाणा सरकार ने 15 मई से 30 जून 2026 तक ब्याज माफी योजना लागू की थी, जिसके तहत 12,477 करदाताओं ने अपना बकाया संपत्ति कर जमा कराया। इससे नगर निगम को 12 करोड़ 21 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

नागरिकों को सुविधा देने के लिए नगर निगम ने अवकाश के दिनों में भी नागरिक सुविधा केंद्र खुले रखे। योजना के अंतिम दिनों में करदाताओं की भारी भीड़ रही। केवल 30 जून को ही 2 करोड़ 54 लाख रुपये का संपत्ति कर जमा हुआ, जो योजना की सफलता और नागरिकों की जागरूकता को दर्शाता है। एक जुलाई से बकाया संपत्ति कर जमा कराने वालों से 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज वसूला जाएगा। बड़े बकायादारों की सूची तैयार की जा रही है और जल्द ही उनकी संपत्तियों को सील एवं अटैच करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।



# जिले के 39 केंद्रों पर अभ्यर्थी देंगे सहायक जिला अटॉर्नी

- सभी तैयारियां पूरी कर शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा कराना सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

5 जुलाई को आयोजित होने वाली सहायक जिला अटॉर्नी (ग्रुप-बी) स्क्रीनिंग परीक्षा में करनाल जिले के 39 परीक्षा केंद्रों पर 11,904 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

एडीसी ने कहा कि परीक्षा का पारदर्शी संचालन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संयुक्त आयुक्त दलजीत सिंह को परीक्षा का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। वहीं ड्यूटी मजिस्ट्रेट और सुपरवाइजरों को भी परीक्षा केंद्रों का पूर्व निरीक्षण करने को कहा। पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने तथा ट्रैफिक पुलिस को परीक्षा के दौरान यातायात सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए ताकि कोई भी अभ्यर्थी जाम के कारण परीक्षा से वंचित न रहे।

बैठक में रोडवेज विभाग को पर्याप्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरे, जैमर, बायोमेट्रिक मशीन, रैंप और व्हीलचेयर जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध

# मानव सेवा के लिए डॉक्टरों को किया गया सम्मानित

- राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे लायंस क्लब सेंट्रल ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब सेंट्रल करनाल ने शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित कर उनके समाज और मानवता के प्रति योगदान को नमन किया। समारोह में चिकित्सकों को शॉल ओढ़ाकर, पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. संजीव अरोड़ा, भटनागर आई सेंटर, डॉ. कुमार वैभव तथा डॉ. वी.के. सिंगला को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष विशाल भुटानी ने कहा कि डॉक्टर अपनी विशेषज्ञता, सेवा भावना और समर्पण से लाखों लोगों के जीवन की रक्षा करते हैं। उनका योगदान समाज के लिए अमूल्य है।

महासचिव पंकिल गोयल ने कहा कि डॉक्टर्स डे केवल चिकित्सकों को सम्मान देने का अवसर नहीं बल्कि समाज और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच विश्वास को मजबूत करने का भी माध्यम है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विशाल भुटानी, महासचिव पंकिल गोयल, कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह, सुभाष बंसल, अजय गोयल तथा राजीव जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने प्रशिक्षण शिविर प्रतियोगिताओं में दिखाया दम-खम

- ड्रिल से लेकर वॉलीबॉल, दौड़, गायन और रस्साकशी तक उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय के एयर विंग एनसीसी कैडेट्स ने 2 हरियाणा एयर स्क्वॉड्रन एनसीसी, करनाल द्वारा आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार अपने नाम किए। शिविर 20 से 29 जून तक स्पोर्ट्स स्कूल, राई (सोनीपत) में आयोजित किया गया। ड्रिल प्रतियोगिता में कॉलेज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कंटिंजेंट प्रतियोगिता में भी टीम उपविजेता रही। गायन प्रतियोगिता में कैडेट मेहक ने पहला स्थान हासिल किया। पांच किलोमीटर दौड़ में सीनियर कैडेट अंकुश यादव प्रथम रहे, जबकि एस. राइडिंग प्रतियोगिता में कैडेट सोनम विजेता बनीं। वॉलीबॉल में छात्राओं की टीम प्रथम और छात्रों की टीम द्वितीय स्थान पर रही।



### मानसून शुरू, इस बार भी नहीं हुए पुख्ता इंतजाम

# रेलवे अंडरपास में हर साल भरता है पानी

- पूरे सीजन लोगों को परेशानी का करना पड़ता है सामना

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

बरसात का मौसम शुरू होने को है, लेकिन हर साल की तरह इस बार भी शहर के रेलवे अंडरपास में बरसाती पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए हैं। तेज बारिश के दौरान अंडरपास में 3 से 4 फुट तक पानी भर जाता है, जिससे लोगों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाती है।

जब अंडरपास का निर्माण हुआ था तब इसके साथ पानी निकासी के लिये लोक निर्माण विभाग ने लगभग 20 लाख रूपये खर्च करके सम्प हाउस का निर्माण करवाया था कि इसमे अंडरपास का एकत्रित हुआ बरसाती पानी इसमे सम्प हाउस मे जायेगा उसमे से मोटर लगाकर पानी सम्प हाउस से बाहर निकाला जायेगा। सम्प हाउस आज जर्जर हालात में है उसके दरवाजे खिड़कियां भी लोग उतार कर ले गये है। उसमे मिटटी भर गई है लेकिन आजतक उसमे मोटर नही लगी। शहरवासियों ने नगरपालिका और लोक निर्माण विभाग को कई बार पत्र लिखकर अंडरपास के बाहर बने जल निकासी सम्प हाउस में मोटर पंप लगाने की मांग की है, ताकि समय रहते पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। बावजूद इसके संबंधित विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बताया जा रहा है कि अंडरपास निर्माण के समय ही बरसाती पानी की निकासी के लिए एक कुआं और उसमें वाटर पंप लगाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन निर्माण पूरा होने के बाद लोक निर्माण विभाग इस व्यवस्था को लागू करना भूल गया। बाद में अंडरपास नगरपालिका के अधीन आ गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। हर वर्ष बारिश के दौरान अंडरपास में पानी भर जाने से पूरे सीजन लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और रास्ता कई दिनों तक बंद रहता है।



### करवाई जा रही नालों की सफाई : नपा सचिव

इस संबंध में नगरपालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि मानसून के सीजन को देखते हुये शहर के नालों की सफाई करवाई जा रही है एक दो दिन मे अंडरपास पर भेज कर नीचे बने बोर और जाली की सफाई करवाई जायेगी। पहले तो सफाई होने पानी की निकासी हो जायेगी अगर फिर भी कोई दिक्कत हुई तो पानी निकालने के लिए वाटर पंप व पाइप उपलब्ध है। उन्होंने दावा किया कि इस बार अंडरपास में पानी भरने नहीं दिया जाएगा।

### जेल लोक अदालत में तीन बंदियों को रिहाई

**करनाल।** जिला कारागार में बुधवार को आयोजित जेल लोक अदालत में दो मामलों का आपसी सहमति से निपटारा करते हुए तीन बंदियों को आवश्यक शर्तों के आधार पर रिहा किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने लोक अदालत की कार्यवाही का निरीक्षण किया और न्यायिक प्रक्रिया की समीक्षा की। लोक अदालत में कुल तीन मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें से दो का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। न्यायिक अधिकारियों ने जिला कारागार के मुलाकात कक्ष में स्थापित हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया।बंदियों से मिलने आने वाले परिवारजनों को कानूनी सहायता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह हेल्प डेस्क संचालित की जा रही है।

## न्यूज डायरी

### पीएचसी तरावड़ी के डॉक्टर सम्मानित

**तरावड़ी।** विद्यालय के छात्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत डॉक्टरों का योगदान सदैव सम्मान होना चाहिए को ध्यान में रखते हुए स्थानीय नरसिंह दास पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अस्पताल का दौरा किया। डॉक्टर निपुण कालड़ा, डॉ करिश्मा, डॉ विनय, डॉ विकास, डॉ चंद सिंधु को फूल माला पहनाकर अपनी कृतज्ञता प्रकट की तथा डॉक्टर दिवस की शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर निपुण कालरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ विधान चंद्र राय को याद किया जाता है। तथा उनकी याद में भारत में 1 जुलाई को डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा ने धन्यवाद संदेश देते हुए कहा कि डॉक्टर ही है जो हमारी मानसिक और शारीरिक सेहत का ध्यान रखते हैं। हमें इनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। यह दिन डॉक्टर के अथक परिश्रम और समाज में उनके निस्वार्थ योगदान को सम्मानित करने का अवसर है। इस अवसर पर अध्यापक सुनीता गाबा, दिनेश राणा, विद्यार्थी शरणदीप कौर, सोनाक्षी, इशिता , मुकुल, यश और नक्श उपस्थित रहे।

### स्टेडियम में गंदगी और बंद शौचालयों पर फटकारा

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन का अभियान बनाने के उद्देश्य से प्रदेश कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने बुधवार को हांसी रोड स्थित सरदार मिल्खा सिंह स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, पेयजल सुविधा और सार्वजनिक शौचालयों की बदहाल स्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में कई स्थानों पर गंदगी, पेयजल व्यवस्था में कमी तथा बंद पड़े शौचालय पाए गए। इस पर सुभाष चंद्र ने कहा कि खिलाड़ियों और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सरकारी परिसरों में स्वच्छता और रखरखाव को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंद पड़े शौचालय तुरंत चालू किए जाएं, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त की जाए तथा नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों ने सभी कमियों को शीघ्र दूर करने का भरोसा दिलाया।सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। भविष्य में निरीक्षण के दौरान यदि दोबारा ऐसी लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित खेल परिसर खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराते हैं और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर दीपक शर्मा, प्रीतम, विक्रम, तरसेम, पूजा, जेई संदीप, रविंद्र, स्मार्ट सिटी के एसडीओ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### भारतीय मजदूर संघ ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**करनाल।** भारतीय मजदूर संघ से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बरसात के बावजूद श्रमिकों की लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। फव्वारा पार्क में आयोजित सभा के बाद श्रमिकों ने नारेबाजी करते हुए जिला सचिवालय तक मार्च निकाला और एडीसी को ज्ञापन सौंपकर सरकार से कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। जिला मंत्री सुरेंद्र प्योंत, जिला प्रधान पवन जोगी और महेंद्र नरवाल ने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उनके अधिकारों और हितों की रक्षा करना सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि श्रम कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक सुरक्षा और लंबित मांगों का समाधान समय रहते किया जाना चाहिए। नेताओं ने आरोप लगाया कि कच्चे कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर किए गए वादों को अभी तक पूरी तरह लागू नहीं किया गया है। कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों के हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। जिला मंत्री सुरेंद्र प्योंत ने चेतावनी दी कि यदि मांगों की अनदेखी जारी रही तो भारतीय मजदूर संघ भविष्य में और बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। इस अवसर पर महेंद्र नरवाल, सोहन सिंह, सुमित मकड़, नसीब सिंह, मनप्रीत, प्रियंका, बबिता, कपिल सहित बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

### कर्मियों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**करनाल।** हरियाणा सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच 13 मई को हुए समझौते को अब तक लागू नहीं किए जाने के विरोध में बुधवार को जिले के दमकल कर्मचारियों ने मुख्य दमकल केंद्र पर गेट मीटिंग और विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। गेट मीटिंग की अध्यक्षता जिला कैशियर धर्मवीर राणा ने की, जबकि संचालन दिनेश राणा ने किया। वक्ताओं ने कहा कि आंदोलन समाप्त करवाने के लिए सरकार समझौते तो कर लेती है, लेकिन बाद में उन्हें लागू करने में गंभीरता नहीं दिखाती। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। नेताओं ने कहा कि यदि समझौते के अनुरूप आदेश और परिपत्र शीघ्र जारी नहीं किए गए तो जिले के सभी दमकल कर्मचारी 22 जुलाई को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला स्तरीय रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इसके अलावा 5 अगस्त तक मांगें पूरी नहीं होने पर 6, 7 और 8 अगस्त को प्रस्तावित राज्यव्यापी हड़ताल में भी पूरी ताकत के साथ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होंगे और अपने अधिकारों की लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से जारी रखेंगे। इस अवसर पर धर्मवीर राणा, सुनील राणा, प्रदीप, सतपाल, नरेंद्र पूनिया, दिनेश, दविंदर, प्रवीण मराठा, संदीप नरवाल, देवेंद्र राणा सहित विभिन्न फायर स्टेशनों के कर्मचारी मौजूद रहे।

### विकास कार्यों को मिलेगी नई दिशा : महापौर

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने नव नियुक्त नगर निगम आयुक्त आईएएस सलोनी शर्मा को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में नगर निगम जनहित, पारदर्शिता और विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। महापौर ने कहा कि कर्ण की पावन नगरी करनाल में निगम आयुक्त के रूप में जिम्मेदारी संभालना गौरव की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके प्रशासनिक अनुभव और दूरदर्शी सोच से नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के प्रयासों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि निगम की पूरी टीम जनसेवा और सुशासन के लक्ष्य को लेकर मिलकर कार्य करेगी।

### इग्नू अध्ययन केंद्र में शुरू होगा एमए संस्कृत

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र-1090, बुद्धा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, रम्बा में एमए संस्कृत पाठ्यक्रम शुरू होने पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने खुशी व्यक्त की। अध्ययन केंद्र ने इसे संस्कृत भाषा, साहित्य, भारतीय संस्कृति और दर्शन का गहन अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया। अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. मोहम्मद रिजवान ने कहा कि संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन, समृद्ध और वैज्ञानिक भाषाओं में से एक है। भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और दर्शन की मूल धारा संस्कृत से जुड़ी हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस पाठ्यक्रम का लाभ उठाकर अपने ज्ञान और करियर को नई दिशा देने का आह्वान किया। दीपाली, गिरिराज और प्रीति कौशल ने विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, अध्ययन सामग्री, असाइनमेंट, परीक्षा प्रणाली तथा रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, भारतीय दर्शन, व्याकरण, काव्य और साहित्य का अध्ययन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत का अध्ययन भाषा कौशल, तार्किक चिंतन और स्मरण शक्ति को विकसित करता है। वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), भाषाविज्ञान, शोध, शिक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में भी इसकी उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। शिक्षा चौपाल के माध्यम से विद्यार्थियों को इग्नू के अन्य पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया गया। अध्ययन केंद्र ने इच्छुक विद्यार्थियों से समय रहते प्रवेश लेने की अपील की।

### जरूरतमंदों को भोजन खिलाना सबसे पुनीत कार्य

**तरावड़ी।** महाबीर सोलवेंट के मालिक समाजसेवी नंदकिशोर खुराना एवं प्रेम खुराना ने पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि जरूरतमंदों को खाना खिलाना सबसे पुनीत कार्य है। यह पुनीत कार्य जहां इंसान को मानवीय बनाता है, वहीं आत्मिक सुख भी प्रदान करता है। अन्नपूर्णा आश्रम में गरीब असहाय लोगों को रोजाना मुफ्त भोजन सेवा प्रदान कर श्री हनुमान सेवा समिति कई वर्षों से यह पुण्य का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि समाज के अधिक से अधिक लोग ऐसे पुनीत कार्यों से जुड़ें, ताकि देश में कोई भी इंसान भूखा न सोए। उन्होंने श्री हनुमान सेवा समिति के इस पुण्य के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बहुत कम संस्थाए ऐसी होती है जो इस तरह के कार्यक्रम लगातार चलाए रखती है। वहीं संस्था द्वारा करोड़ों की लागत से भव्य आश्रम बनाया गया है जहां पर समय-समय पर धार्मिक आयोजन होते रहते है। संस्था के अध्यक्ष अमन शर्मा एवं समिति के अन्य सदस्यों की मेहनत का ही परिणाम है कि आज 300 लोगों का खाना आश्रम में तैयार किया जाता है। हमारा परिवार शुरू से ही इस समिति के साथ जुड़ा है तथा हम समिति को विश्वास दिलाते है कि जहां पर हमारी जरूरत होगी, हम वहां पर उपलब्ध रहेंगे।

### प्रामाणिक जानकारी पहुंचाना मीडिया की जिम्मेदारी

**तरावड़ी।** शहर के मयूर होटल में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों के बीच वर्तमान समय में पत्रकारिता के समक्ष आ रही चुनौतियों, सामाजिक सरोकारों तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने को लेकर विस्तृत संवाद हुआ। कार्यक्रम में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संगोष्ठी में तरावड़ी नगरपालिका के अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, मार्केट कमेटी तरावड़ी के चेयरमैन रणदीप चौधरी, तरावड़ी राइस मिल्स एंड डीलर्स एसोसिएशन के महासचिव राकेश हंस, समाजसेवी नरेश अरोड़ा सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### किशोरी से दुष्कर्म की चेष्टा, मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव में गर्मी की छुट्टियां बिताने अपने दादा-दादी के पास आई 16 वर्षीय लड़की के साथ उसके चाचा ने दुष्कर्म करने की चेष्टा की। दूसरी ओर, लडकी के दादा की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य आरोपों मे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी पेशेवर अपराधी है और आरोपी यूपी में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### जलालपुर के राजकीय स्कूल में पौधे रोपे

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलालपुर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को पौधे रोप कर शिक्षण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. हितेश चंद शर्मा, जय भगवान, राजेश मलिक, पवन खुराना, ज्ञानेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, सोनू व सतपाल त्यागी आदि ने भी पौधे रोपे।

### बराना की छात्रा साक्षी को साइकिल भेंट की

**पानीपत।** जिला सचिवालय परिसर में बुधवार को केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल के स्थानीय प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा तथा उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने गांव गांव बराना की छात्रा साक्षी को साइकिल भेंट की। स्मरणीय है कि साक्षी, संसाधनों के अभाव में पड़ोसी गांव जाकर अपनी पढ़ाई जारी रखने में कठिनाइयों का सामना कर रही थी। साइकिल से आवागमन कर साक्षी आसानी शिक्षित हो सकेगी।

### स्वास्थ्य अनुदान का उचित प्रयोग करें

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग के स्वास्थ्य अनुदान के तहत शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के प्रभावी संचालन एवं अनुदान राशि के उपयोग को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी), स्वास्थ्य विभाग, जिला परिषद, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

### वोटर लिस्ट को त्रुटिरहित करेंगे

**पानीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देश दिए कि मतदाता सूची का कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने और किसी भी अपात्र नाम के बने रहने की स्थिति नहीं होनी चाहिए। वहीं, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है।

### चाचा के हत्यारोपी बंदर पर केस दर्ज

**पानीपत।** थाना हुडा सेक्टर 13-17 पुलिस ने बुधवार को सुशील कुमार निवासी डेरा मंचुरी गांव खोतपुरा के शव का पोस्टमार्टम करवाया। इधर, पुलिस ने मृतक सुशील की पत्नी कविता की शिकायत पर उसके पति की हत्या के आरोप में अभिषेक उर्फ बंदर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अभिषेक, मृतक सुशील का भतीजा है और उसने रंजिशन उसकी हत्या की है। इधर, पुलिस ने सुशील का शव उसकी पत्नी को सौंप कर आरोपी अभिषेक की तलाश शुरू कर दी है।

### जून की छुट्टी खत्म फिल्ड में उतरे डीईओ

**पानीपत।** जून के ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होते ही शिक्षा विभाग पानीपत पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतर आया। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने नए शैक्षणिक सत्र के पहले ही दिन विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर स्पष्ट संदेश दिया कि इस वर्ष सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाना विभाग की प्राथमिकता है।

*रक्तदान व पौधरोपण कर मनाया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे, उत्कृष्ट सेवा करने वाले सीए सम्मानित किए*

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का आर्थिक तरक्की में अहम रोल: डॉ. हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की पानीपत शाखा (एनआईआरसी) द्वारा 78वें सीए दिवस के उपलक्ष्य में यशोगाथा नामक समारोह का आयोजन बुधवार को आईसीएआई भवन में हुआ। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ, मेयर कोमल सैनी प्रणब महाजन, निदेशक, महाजन ओवरसीज ने किया। जबकि पानीपत शाखा के अध्यक्ष सीए भूपेंद्र दीक्षित ने सभी सदस्यों को सीए दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक प्रगति, वित्तीय पारदर्शिता एवं सुशासन को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सीए दीक्षित ने कहा कि आईसीएआई द्वारा समाज एवं राष्ट्रहित में निरंतर किए जा रहे कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए शाखा सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें ध्वजारोहण, वृक्षारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, प्रयोगशाला परीक्षण, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान, अतिथि संबोधन तथा शाखा के प्रिविलेज कार्ड का शुभारंभ प्रमुख रहे।

**आईसीएआई भवन में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**



सीए डे का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए डीसी डॉ हरीश वशिष्ठ व आईसीएआई अध्यक्ष सीए भूपेंद्र दीक्षित आदि अतिथि।

## 25 वर्ष पूर्ण करने वाले वरिष्ठ सदस्यों को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान चार्टर्ड अकाउंटेंसी व्यवसाय में 25 वर्ष पूर्ण करने वाले वरिष्ठ सदस्यों सीए राकेश आहूजा, सीए विशाल गर्ग, सीए रोहतास सिंह, सीए सुरेंद्र कुमार भाटिया, सीए नितिन कपूर एवं सीए मोहन सिंगला को सम्मानित किया गया। जबकि पर्यावरण को घना करने के लिए सौ पौधे बांटे गए। वहीं, रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर तथा फोर्टिस हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमित कपूर, डॉ. अनिरुद्ध, डॉ. अविनाश हरचंद, सुशील जॉली, रेड क्रॉस की डॉ. पूजा सिंगला तथा समाजसेवी नरेंद्र गुप्ता, पवन लखड़ा एवं एडवोकेट संदीप जिंदल को स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में सदस्यों एवं नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का लाभ उठाया। वहीं, कार्यक्रम की सफलता में शाखा की प्रबंध समिति के सदस्यों सीए जितेंद्र बंगा (उपाध्यक्ष), सीए रजनी गोयल (सचिव), सीए दीपक गोयल (कोषाध्यक्ष), सीए सोनू गोयल (आईपी चेयरमैन), पानीपत शाखा) का विशेष योगदान रहा। वहीं, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उद्योगपतियों समेत गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

### 439.49 लाख रुपये की लागत से संवरे 13 अमृत सरोवर

# ग्रामीण विकास को मिली नई उड़ान: हरपाल ढांडा

**जनभागीदारी से सफल होगा अमृत सरोवर अभियान, सरोवरों की देखरेख गंभीरता से करें ग्राम पंचायतें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में बुधवार को जिला सचिवालय में 13 अमृत सरोवरों का उद्घाटन हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा नारायणगढ़ से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने देखा और सुना। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति सदस्यों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। वहीं, मंत्री प्रतिनिधि हरपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। अमृत सरोवर केवल तालाब नहीं, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के मजबूत केंद्र बनेंगे। इन सरोवरों से वर्षा जल का संरक्षण होगा, भूजल स्तर में सुधार आएगा और गांवों की प्राकृतिक सुंदरता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गांवों को यह अनमोल सौगात दी है, अब ग्राम पंचायतों और ग्रामीणों का दायित्व है कि वे इन अमृत सरोवरों का नियमित रखरखाव करें और इन्हें स्वच्छ एवं सुरक्षित रखें। यदि जनभागीदारी के साथ इनका संरक्षण किया गया तो ये सरोवर सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है और जल संरक्षण का यह अभियान जन आंदोलन का रूप लेना चाहिए।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, जिला परिषद की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ, जिला परिषद की सीईओ डॉ किरण, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि इन अमृत सरोवरों को अपनी सांझा धरोहर मानते हुए इनके संरक्षण, स्वच्छता और रखरखाव का संकल्प लेने का आह्वान किया।



**पानीपत।** जिला सचिवालय में अमृत सरोवरों का दीप जला कर उद्घाटन करते अतिथिगण।

> अमृत सरोवर केवल तालाब नहीं, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के मजबूत केंद्र बनेंगे: हरपाल ढांडा

# अभिभावक अपनी बेटियों को भी विकास के अवसर दें: डॉ वशिष्ठ

- गांव बराना की तीन बेटियों को मिला 1.50 लाख का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत संचालित बेस्ट विलेज अवॉर्ड स्कीम के तहत गांव बराना की तीन मेधावी छात्राओं आंचल पुत्री हरून ने कक्षा 10 में 324 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया, आंचल को 75 हजार, खुशबू पुत्री भीम सिंह ने 315 अंक लेकर द्वितीय रही, उसे 45 हजार रुपये व साक्षी पुत्री जगबीर सिंह ने 295 अंक तृतीय रही, उसे 30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ द्वारा देकर सम्मानित किया गया।

इधर, वहीं, डॉ हरीश ने कहा कि बेटियां समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनकी शिक्षा तथा सम्मान ही विकसित समाज की पहचान है। वहीं, हर परिवार को अपनी बेटियों को हर हाल में शिक्षित कर उसे विकास के अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक, पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. ललित कुंडू आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए।

### लेखाकार हरपाल को दी भावभीनी विदाई

**पानीपत।** पानीपत जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में कार्यरत लेखाकार हरपाल सिंह के सेवानिवृत्त होने पर भावभीना विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घ, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील कुमार बसताड़ा ने हरपाल सिंह के सरल, सौम्य एवं सहयोगी व्यक्तित्व की सराहना की। बरसत रोड स्थित मलिक प्लाजा में आयोजित सम्मान समारोह में अनेक गणमान्यों एवं पत्रकारों ने हरपाल सिंह को सेवानिवृत्त होने पर शुभकामनाएं दीं।



### ई-रिक्शा चालक की हत्या के आरोप में पांच को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गंगाराम कॉलोनी में 50 हजार रुपये के विवाद में ई रिक्शा चालक सूरज की पिटाई कर हत्या करने के पांच आरोपियों को वारदात के अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान गंगाराम कॉलोनी निवासी अजीत, मुकेश, सूरज, राजा उर्फ काला, देवी नगर निवासी प्रिंस के रूप में हुई है। थानेदार विनोद ने बताया कि पुलिस ने अजीत, प्रिंस व राजा को रिमांड पर लिया है।



**इसराना।** गुरुद्वारा में जनता की खुशहाली को अरदास करते डॉ अर्चना गुप्ता।

### गुरु कृपा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति: डॉ. अर्चना

**इसराना (पानीपत)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने बुधवार को पानीपत के इसराना स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर गुरु साहिबान के चरणों में शीश नवाया और देश वासियों की की सुख-समृद्धि, शांति तथा कल्याण की अरदास की। इस दौरान उन्होंने गुरु महाराज का आशीर्वाद लेते हुए समाज में आपसी भाईचारे, सेवा और सद्भाव की भावना मजबूत होने की कामना की। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि गुरु साहिबान की शिक्षाएं मानवता, सेवा, त्याग और समानता का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु कृपा ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है जो हर व्यक्ति को सही मार्ग पर चलने और समाज की सेवा करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि हमें गुरु साहिबान के बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरूओं की शिक्षाएं मानव कल्याण का संदेश देती है। वहीं, उन्होंने मोदी व नायब सरकारों के कामकाज की सरहाना करते हुए कह कि सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना भारतीय संस्कृति की पहचान है तथा गुरु परंपरा हमें इन्हीं मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

# बीजी. ग्राम जी की प्रतियां जलाई

- ग्रामीण मजदूरों को काम के अधिकार से वंचित करना चाहती है सरकार: दरियाव सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांवों नामुंडा, टिटाना, हडताडी, सुताना, लोहारी, अलूपुर, अटावला, दरियापुर, उरलाना खुर्द, धक्का बस्ती गांव मडलौडा आदि की मजदूर बस्तियों में भारतीय खेत मजदूर यूनियन बीकेएमयू के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बीजी ग्राम जी की प्रतियां जला कर विरोध प्रकट किया।

बीकेएमयू के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड दरियाव सिंह कश्यप, जिला प्रधान सुलतान सिंह उरलाना, जिला सचिव भूपेंद्र कश्यप, यूनियन के जिला कानूनी सलाहकार कामरेड पवन कुमार सैनी ने वी बी ग्राम जी और मनरेगा के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि सरकार मनरेगा की जगह वी बी ग्राम जी को लाकर ग्रामीण मजदूरों को काम के अधिकार से वंचित करना चाहती है।

इस अवसर पर जय भगवान दरियापुर, ओम प्रकाश, नंदलाल, धनपत सुताना, कृष्ण लाल लोहारी, भान सिंह आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर, समालखा में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन की पट्टीकलियाणा गांव कमेटी ने ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (जीबी ग्राम जी) के मसौदा नियमों के खिलाफ प्रदर्शन किया।




**पानीपत।** भारतीय खेत मजदूर यूनियन के पदाधिकारी बी .जी . ग्राम जी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।

### जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में डॉक्टर्स सीए और डाक कर्मी सम्मानित किए

**पानीपत।** डॉक्टर्स डे, सीए डे एवं पोस्टल वर्कर्स डे पर जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल ने समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व डाक कर्मियों को सम्मानित किया गया। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आदित्य कुमार, चेयरमैन अतुल जैन, डिप्टी चेयरमैन, युवराज जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल एवं सीए कमल किशोर ने सभी डॉक्टर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और डाक कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों तथा राष्ट्र सेवा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर जहां मानव जीवन की रक्षा कर समाज को स्वस्थ बनाते हैं, वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डाक कर्मी भी देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक संचार और सेवाओं को पहुंचाकर समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं सुमिता, रेनु सिंह, किरण, अनिता समेत टीचर्स एंड स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।



**पानीपत।** जीडी गोयंका स्कूली में डॉक्टर्स को सम्मानित करते हुए शिक्षणगण।

### पौधे रोपकर पर्यावरण घना करने का संदेश दिया



**पानीपत।** पौधे रोपते हुए शिक्षाविद् व पत्रकार विनोद पांचाल आदि।

**पानीपत।** हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए अपने जीवन के सबसे खास पल जन्मदिन पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद पांचाल ने बरसत रोड पर पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला गांव बिंझौल में कार्यरत शिक्षक हरिओम, समाजसेवी व शिक्षक संजीव शास्त्री, शिक्षक बोधराज, विजय मान व पत्रकार मोहन लाल ने पगड़ी पहनाकर व मिठाई खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। विनोद पांचाल ने कहा कि हमें अपने जन्मदिन पर कोई न कोई नेक कार्य करना चाहिए और यह पौधारोपण भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है, इसके माध्यम से हम आने वाली पीढियों के लिए शुद्ध एवं स्वच्छ वातावरण दे सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की वे पानी का उचित प्रयोग करते हुए जल का संरक्षण करें। वहीं, मानसून के दौरान खाली स्थानों पर अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोप कर पर्यावरण को घना करें।

### परीक्षा में स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का होगा पालन

# एचटेट परीक्षा को लेकर पानीपत प्रशासन अलर्ट

*डीसी और एसपी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर बैठक में किया विचार विमर्श*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को इस संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पानीपत प्रशासन के साथ बैठक कर परीक्षा तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इधर, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने दावा किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं तथा अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। पूरी परीक्षा एसओपी अनुसार होगी। वहीं, बैठक में परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, बायोमीट्रिक सत्यापन, पुलिस तैनाती, ट्रैफिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से समीक्षा की गई। दूसरी ओर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि परीक्षा को नकलमुक्त और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा के आधुनिक प्रबंध किए गए हैं।

बैठक में एडीसी अंकित चौकसे, एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप, सीईओ डॉ. किरण सिंह, सीटीएम टीनू पोसवाल, डीईओ राकेश बूरा, सीएमओ डॉ. विजय मलिक, जीएम रोडवेज विक्रम कंबोज समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




**पानीपत।** एचटेट की तैयारी को लेकर बैठक करते हुए डीसी, एसपी, शिक्षा अधिकारी आदि। *फोटो : हरिभूमि*

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को मिलेगा देश का सर्वोच्च सम्मान

### उत्कृष्ट शिक्षकों के लिए सुनहरा अवसर

# नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 के आवेदन शुरू, 10 तक करें ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देशभर के शिक्षकों के लिए गर्व और सम्मान का अवसर सामने आया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए है। यह पुरस्कार देश के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षक सम्मानों में शामिल है जिसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है। जारी आदेश के अनुसार 10 जुलाई तक इच्छुक शिक्षक स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल रखी गई है। पात्र शिक्षक आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण कर अपने नवाचार, शैक्षणिक उपलब्धियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में दिए गए योगदान का विवरण प्रस्तुत कर सकते है। इस पुरस्कार में 10 वर्ष के अनुभव की शर्त रखी गई है।

### कौन कर सकता है आवेदन

इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए मान्यता प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत नियमित शिक्षक और स्कूल प्रमुख आवेदन कर सकते है। इसमें राज्य सरकार, केंद्र सरकार, केंद्र शासित प्रदेश, स्थानीय निकाय, सहायता प्राप्त विद्यालय, निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सीबीएसई, स्टेट बोर्ड एवं सीआईएससीई से संबद्ध विद्यालयों के पात्र शिक्षक शामिल है। पात्रता के अनुसार आवेदक के पास कम से कम 10 वर्ष का नियमित शिक्षण अनुभव होना आवश्यक है।



अंबाला। गणित विषय का मॉड्यूल बनाते बच्चे।

### पारदर्शी होगी पूरी चयन प्रक्रिया

पुरस्कार के लिए चयन बहु-स्तरीय प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। पहले जिला एवं क्षेत्रीय चयन समितियां आवेदनों की समीक्षा करेंगी। इसके बाद राज्य एवं संगठन स्तर की चयन समितियां योग्य नामों को आगे बढ़ाएंगी। अंतिम चयन स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया जाएगा। जो शिक्षकों से वर्चुअल संवाद के आधार पर श्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन करेगी। चयनित शिक्षकों के नाम अगस्त में घोषित किए जाएंगे जबकि राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 4 और 5 सितंबर 2026 को आयोजित होगा।

### मिलेगा राष्ट्रीय मंच

नेशनल टीचर्स अवॉर्ड केवल सम्मान नहीं बल्कि उन शिक्षकों के समर्पण, नवाचार और विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रयासों की राष्ट्रीय पहचान है। यह पुरस्कार देशभर के शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नई शिक्षण पद्धतियों और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

### प्रमाणित उपलब्धियों के लिए

मूल्यांकन के पहले चरण में 10 अंक शिक्षक की प्रमाणित उपलब्धियों के लिए निर्धारित किए गए है। इसमें विद्यालय के विकास में समुदाय एवं अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करना, शोध पत्र, पुस्तक या शैक्षणिक लेख प्रकाशित करना, पिछले वर्षों की एपीएआर रिपोर्ट तथा अन्य प्रमाणित उपलब्धियों का आकलन किया जाएगा।

### 90 अंक उत्कृष्ट कार्य पर

चयन का सबसे बड़ा आधार 90 अंकों का प्रदर्शन मूल्यांकन होगा। इसमें देखा जाएगा कि शिक्षक ने विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में कितना सुधार किया है। शिक्षण में कौन-कौन से नवाचार अपनाए, गतिविधि आधारित शिक्षा, टीचिंग-लर्निंग मैटेरियल और डिजिटल तकनीक का कितना प्रभावी उपयोग किया। साथ ही खेल, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, समावेशी शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और विद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित करने जैसे कार्यों का भी विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर के इंचार्ज गणित अध्यापक जसविंद्र सिंह ने बताया कि नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए बेहद प्रेरणादायक पहल है। यह सम्मान शिक्षकों के समर्पण, नवाचार और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देता है। मैं सभी पात्र शिक्षकों से अपील करता हूं कि वे समय रहते अपना ऑनलाइन आवेदन करे और अपने उत्कृष्ट कार्यों को देश के सामने प्रस्तुत करे। ऐसे सम्मान न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते है बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में भी सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करते है।

## मानसून सिर पर, मगर व्यवस्था बेखबर: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह ने मानसून से पूर्व बाढ़ नियंत्रण तैयारियों को लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा कि हर वर्ष करोड़ों रुपये बाढ़ प्रबंधन और जल निकासी व्यवस्था के नाम पर खर्च किए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जैसे ही वर्षा का मौसम आता है, पूरे तंत्र की वास्तविकता जनता के सामने उजागर हो जाती है। उन्होंने कहा कि यदि तैयारियां वास्तव में समय पर और ईमानदारी से पूरी हुई होतीं तो आज भी शहरों और गांवों के नाले गाद से भरे, ड्रेनेज तंत्र अवरुद्ध और जल निकासी के मार्ग बदहाल दिखाई नहीं देते। निर्मल सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बावजूद अंबाला शहर सहित प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण से जुड़े आवश्यक कार्य अधूरे पड़े हैं। अनेक स्थानों पर नालों की सफाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है, जबकि कई ड्रेनों की स्थिति ऐसी है कि सामान्य वर्षा भी उन्हें उफान पर ला सकती है। प्रशासनिक दावों और धरातलीय सच्चाई के बीच का यह अंतर सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि शहर के अनेक हिस्सों में जल निकासी व्यवस्था पहले से ही दबाव में है। यदि पहाड़ी क्षेत्रों में तेज वर्षा होती है अथवा लगातार बारिश का दौर चलता है तो निचले इलाकों में जलभराव, फसलों को नुकसान, व्यापारिक गतिविधियों में बाधा और आम नागरिकों के जीवन पर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में समय रहते व्यापक तैयारी करना सरकार का संवैधानिक और प्रशासनिक दायित्व है, न कि केवल बैठकों और दावों तक सीमित रहना।

## चोरी के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गांव दुखेड़ी स्थित घर से इन्वटर, पतीला व अन्य घरेलू सामान चोरी करने के मामले में संलिप्त दो आरोपियों को काबू किया है। शिकायतकर्ता जितेंद्र ने 30 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 29 जून 2026 को आरोपी गांव दुखेड़ी स्थित घर की खिड़की तोड़कर घर से इंवर्टर , पतीला, बाल्टी व अन्य घरेलु सामान चोरी किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपियों सलीम व गौरव को गिरफ्तार किया है।

### खबर संक्षेप

#### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोपी काबू

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुनील निवासी गांव मुंडलाना सोनीपत के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा निरीक्षक परमवीर ने बताया कि शिकायतकर्ता शमशेर सिंह ने 19 जनवरी 2026 को शिकायत दी थी कि 1 अक्तूबर 2024 को आरोपी सुनील व अन्य ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 34 लाख 50 हजार रूपये की रकम हड़प ली। उसे न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त दोनों आरोपियों को काबू किया है। अब उनसे पूछताछ की जा रही है।

#### गांव कुराली से चोरी करने के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव कुराली क्षेत्र से खैर के पेड़ों की अवैध कटाई कर चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया। शिकायतकर्ता वन विभाग के दरोगा अनिल कुमार ने 8 फरवरी 202 को थाना में शिकायत दी थी कि 7 फरवरी 2026 को आरोपी अब्दुला सतार व अन्य ने गांव कुराली क्षेत्र से खैर के पेड़ों की अवैध कटाई कर पेड़ चोरी किए है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। अब पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी अब्दुला सतार उर्फ अब्दुला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस: आकाश एजुकेशनल ने भविष्य के डॉक्टरों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़



राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर, आकाश एजुकेशनल ने बुधवार को यहाँ अपने 10 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया, जो डॉक्टर के रूप में अपना करियर बना चुके हैं और वे भी जो प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में एमबीबीएस की पढ़ाई के अंतिम चरणों में हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, डिप्टी रीजनल डायरेक्टर, जसदीप सिंह बाबरा ने कहा, "हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 37 वर्षों से अधिक समय से हम छात्रों को डॉक्टर बनने के उनके सपने को साकार करने में मदद करके भारत के हेल्थकेयर इकोसिस्टम में योगदान दे रहे हैं। यह कार्यक्रम हमारे पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को सराहने और चिकित्सा पेशेवरों की भावी पीढ़ियों को तैयार करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का एक तरीका है।" पिछले 10 वर्षों में, आकाश के छात्रों ने नीट में 13 बार ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है, जो भारत के टेस्ट प्रिपरेशन के क्षेत्र में एक बेजोड़ उपलब्धि है। इसी अवधि के दौरान, आकाश के छात्रों ने लगातार एआईआर टॉप 10 रैंकों में 64% और एआईआर टॉप 100 रैंकों में 50% स्थान हासिल किए हैं।

## बुजुर्ग दंपत्ति के बैंक खातों से 1.35 लाख रुपये साफ, पुलिस ने दर्ज किया केस

**अंबाला।** साइबर अपराधियों ने ठगी का एक नया तरीका अपनाते हुए कैंट के महेश नगर के एक बुजुर्ग दंपती संतीश आनंद के दो बैंक खातों से करीब 1 लाख 35 हजार 105 रुपये की राशि निकाल ली। पीड़ितों ने किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, पासवर्ड या कोई अन्य बैंकिंग विवरण साझा नहीं किया था। पंचकूला स्थित नोडल साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन से जीरो प्राथमिकी प्राप्त होने के बाद अब थाना साइबर क्राइम जिला अंबाला ने ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयानों में महेश नगर के सतीश आनंद (68) ने बताया कि उनकी पत्नी नीरू आनंद आर्मी पब्लिक स्कूल से सेवानिवृत्त हैं। 25 जून को जब वे घर पर मौजूद थे, तो उन्होंने मोबाइल बैंकिंग एप के जरिए अपने बैंक खाते का विवरण चेक किया। खाता चेक करते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सदर बाजार शाखा में उनके और उनकी पत्नी के संयुक्त खाते से पहले 5 रुपये और उसके तुरंत बाद 4,980 की राशि अनधिकृत रूप से कट हो चुकी थी। पीड़ित ने बिना समय गंवाए तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाई। शुक्रवार और शनिवार को बैंक का अवकाश होने के कारण वे बैंक नहीं जा सके।

## रेलवे ट्रैक से मिले आईफोन से खुल सकता है दो मौतों का राज

- परिजनों को सुनियोजित हत्या का शक, पुलिस कर रही है मामले की गहनता से जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पुलिस ने फोन को जांच के लिए भेजा

गोबिंदगढ़ के मकान में हत्या के बाद कार में रखे मनिंदर कौर के शव व मनिंदर सिंह की मौत के मामले में अब परिजनों को सुनियोजित हत्या का शक नजर आ रहा है । हालांकि रेलवे ट्रैक से बरामद हुए मनिंदर सिंह के आईफोन से गहरे राज उजागर होने की उम्मीद है।

पुलिस की टीमें इस टूटे हुए फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजने की तैयारी कर रही हैं ताकि फोन में रखे डाटा व आखिरी कॉल्स व मैसेज का विवरण निकाला जा सके। बता दें कि 27 जून को मनिंदर कौर लापता हो गई थी।

उसके बाद 28 जून को गोबिंदगढ़ गांव में मनिंदर सिंह के घर पर कार में उसका शव मिला था। 29 जून को रेलवे ट्रैक से दो दिन लावारिस हालत में मिले शव की शिनाख्त मनिंदर सिंह के रूप में हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि 27 जून को ही मनिंदर कौर की हत्या हुई थी और कुछ घंटों बाद ही मनिंदर सिंह का शव ट्रैक पर मिला था। मनिंद्र के परिजनों को शक है कि यह सुनियोजित दोहरा हत्याकांड है। इसे बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस जल्द ही मामले से पर्दा उठाने की बात कह रही है।

## हाइड्रोजन ट्रेन का रोहतक रूट पर सफल ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हाइड्रोजन ट्रेन का लगातार ट्रायल किया जा रहा है। बुधवार को रोहतक रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल किया गया। इसमें से एक चक्कर जींद से चक्कर किलाजफरगढ़ तक था और दूसरा चक्कर जींद से रोहतक के बीच लगाया। इसमें से जींद से रोहतक तक किए गए ट्रायल में ट्रेन 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली। वहीं दूसरे चक्कर में 115 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से लगाया गया। इससे पहले चार बार हाइड्रोजन ट्रेन का हाई स्पीड ट्रायल जींद-सोनीपत-दिल्ली के बीच हो चुका है। जिसमें हाइड्रोजन ट्रेन की स्पीड 75 और 85 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रायल की गई है। अब ट्रेन के हाई स्पीड टेस्ट के दौरान बारीकी से सभी पहलुओं पर नजर बनाई जा रही है। आगामी एक सप्ताह तक ट्रेन का लगातार ट्रायल होने की संभावना है। अगर ट्रायल के दौरान सब कुछ सही रहा तो जल्द ही ट्रेन ट्रैक पर लौट सकती है। गौरतलब है कि पहले दिन शुक्रवार को ट्रेन को दिल्ली सब्जी मंडी ले जाया गया। वहां सब्जी मंडी और सोनीपत के बीच 85 से 120 के बीच अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल किया गया। वहीं शनिवार को दूसरे दिन सोनीपत दिल्ली सब्जी मंडी के बीच चार चक्कर लगाए गए। इस दौरान ट्रेन को 80, 100 और 120 की अलग-अलग स्पीड मानकों पर ट्रायल किया गया। वहीं रविवार को तीसरे दिन जींद से खरैंटी के बीच 120 की स्पीड से दौड़ाया गया। इसके बाद सोमवार को चौथे दिन ट्रेन का बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती के बीच 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल किया गया।

## मांगों को लेकर सड़कों पर कर्मचारी, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

भारतीय मजदूर संघ हरियाणा की प्रदेश कार्य समिति के आह्वान पर बुधवार को विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर शहर में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने लघु सचिवालय पहुंच कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री नायब सैनी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राममेहर जांगड़ा ने की।

प्रदर्शनकारी कर्मियों को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विनोद शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के प्रांत मंत्री जितेंद्र वत्स ने कहा कि गुरुग्राम में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने स्वयं श्रमिकों को आश्वासन दिया था कि 15 जून तक सभी पात्र कर्मचारियों का रोजगार सुरक्षा अधिनियम के तहत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षित कर दी जाएगी। परंतु ऐसा नहीं हुआ है। सरकार ने श्रमिकों की पंचायत में किए गए वादे की वादा खिलाफी की है और सरकार ने अब सेवा, सुरक्षा देने की तिथि को 15 अगस्त कर दिया। इसके अलावा भारतीय मजदूर संघ ने सरकार को अपना मांग पत्र भेजे काफी समय हो गया है। परंतु उसे पर कोई आधिकारिक बैठक सरकार ने दी। जिससे श्रमिकों की मांगों में समस्याओं का वार्ता से समाधान हो सके। इससे प्रदेश के कर्मचारी श्रमिक में भारी रोष है। उन्होंने मांग की कि सेवा व सुरक्षा कानून का लाभ सभी पात्र कर्मचारियों को देने, शेष आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम में पोर्ट करना, कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने, समान कार्य, समान वेतन, बोनस, ग्रेच्युटी तथा अन्य लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन में स्वास्थ्य, शिक्षा, जनस्वास्थ्य, बिजली, परिवहन, कंप्यूटर प्रोफेशनल, सहकारिता, शहरी निकाय, भवन निर्माण के श्रमिकों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों से किए गए वादों को समय पर पूरा नहीं किया है। 26 अप्रैल 2026 को की गई घोषणाओं के बावजूद पात्र कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा का लाभ और नियुक्ति पत्र अभी तक नहीं मिले हैं।

## गैर-जमानती वारंट के तहत महिला आरोपी पकड़ी

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर की पुलिस टीम ने लूट के एक मामले में न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के तहत वांछित महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता अनुज कुमार ने 20 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 18 जनवरी 2025 को नजदीक इन्द्रलोक होटल के पास से तीन बदमाशों ने उनसे उनका मोबाइल फोन और नगदी लूट ली थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई थी। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए वारदात में शामिल दो आरोपियों जिनमें एक महिला व आरोपी रजत भी शामिल था को काबू किया गया। मामले में संलिप्त आरोपी महिला न्यायालय में हाजिर नहीं हुई। इसके बाद अदालत ने उसके गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### विशेष अभियान में 164 नशा तस्कर गिरफ्तार, 7.52 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद

# ऑपरेशन मैदान 2.0: अंबाला मंडल में नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



नशा कारोबारियों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस की ओर से चलाया जा रहा विशेष अभियान 'ऑपरेशन मैदान 2.0' सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। अभियान के दौरान अंबाला मंडल पुलिस ने सुनियोजित रणनीति, आधुनिक तकनीक तथा सघन निगरानी के माध्यम से नशा तस्करों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अभियान की समापन पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन ने बताया कि एक माह की अवधि में अंबाला मण्डल के तीनों जिलों में कुल 95 अभियोग दर्ज किए गए। 164 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से लगभग 7 करोड़ 52 लाख मूल्य के विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ बरामद किए गए। इसके साथ-साथ पूर्व में गिरफ्तार होकर जमानत पर रिहा हुए नशा तस्करों की गतिविधियों पर भी विशेष निगरानी रखी गई तथा 1204 आदतन अपराधियों को चेक करके 67 आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीसीट भी खोली गई।

### 17 अवैध संपत्तियां ध्वस्त, नशा तस्करों पर पुलिस का शिकंजा कसा

अभियान के दौरान पुलिस द्वारा 2 किलोग्राम 867 ग्राम, 173 मिलीग्राम हेरोइन, 8 ग्राम चरस, 1 किलोग्राम 852 ग्राम 060 मिलीग्राम अफीम, 512 किलोग्राम 763 ग्राम चूरा पोस्त, 22 किलोग्राम 948 ग्राम गांजा, 33.670 ग्राम स्मैक, 7326 प्रतिबंधित कैप्सूल/टैबलेट, 200 लीटर लाहन तथा 730 बोतल शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त 1 ट्रक, 14 मोटरसाइकिल तथा 5 कारें भी कब्जे में ली गईं। आरोपियों के कब्जे से 11,54,000 नकदी भी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि 209 सीसीटीवी कैमरों को निगरानी तंत्र से जोड़ा गया। साथ ही प्रतिबंधित एवं अवैध नशीली दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से 1226 मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण एवं जांच भी की गई। ऑपरेशन /"मैदान 2.0/" के अंतर्गत मंडल के तीनो जिलो में पुलिस द्वारा नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 17 अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई नशा तस्करों के आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा ऐसे अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि अपराध से अर्जित अवैध संपत्ति को किसी भी परिस्थिति में संरक्षण नहीं दिया जाएगा। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भविष्य में भी नशा तस्करों की अवैध गतिविधियों एवं उनकी संपत्तियों के विरुद्ध इसी प्रकार कठोर कार्यवाही जारी रखी जाएगी। नैन ने बताया कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ नशे की गिरफ्त में आए व्यक्तियों के उपचार एवं पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान 255 नशा प्रभावित व्यक्तियों को उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया, जबकि अत्यधिक नशे की लत से ग्रस्त 31 व्यक्तियों को बेहतर चिकित्सा एवं पुनर्वास हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।